आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 15.06.2024 समय : 0705

<><><><><><><>

- सांसद बिष्णु पद रे ने कहा कि द्वीपसमूह और द्वीपवासियों का विकास उनकी पहली प्राथमिकता है।
- तमिलनाडु, पुदुचेरी और अंडमान निकोबार एन सी सी निदेशालय के उप–महानिदेशक अतुल कुमार रस्तोगी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश तरक्की और विकास की राह पर अग्रसर है।
- भारतीय पशु कल्याण बोर्ड ने पशुओं पर होने वाले अत्याचार को रोकने के लिए सभी से पशु कल्याण नियमों का कड़ाई से पालन करने के लिए परामर्श जारी किया है।
- राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम के तहत राज्य स्तरीय परामर्श समिति में सदस्यता के लिए आवेदन मांगे गए हैं।
- डिगलीपुर तहसील के सीतानगर गांव में अवैध खनन का मामला सामने आया है।

<><><><><><><>

सांसद बिष्णु पद रे ने द्वीपसमूह के विकास में सभी से योगदान देने का अनुरोध किया है। चुनाव जीतने के बाद आकाशवाणी समाचार के साथ एक विशेष भेंट में उन्होंने कहा कि द्वीपसमूह और द्वीपवासियों का विकास उनकी पहली प्राथमिकता है और इसके लिए वे हमेशा प्रयासरत है। चुनाव जीतने पर उन्होंने सभी मतदाताओं के प्रति अपना आभार प्रकट करते हुए कहा कि वे द्वीपों के सभी लोगों के निर्वाचित सांसद है और उन्हें किसी से भी कोई गिला–शिकवा नहीं है।

श्री बिष्णु पद रे से की गई बातचीत का विस्तृत ब्यौरा आप हमारे आमने–सामने कार्यक्रम में सुन सकते हैं। इसे आज शाम साढ़े छः बजे प्रसारित किया जाएगा।

<><><><><><><>

तमिलनाडु, पुदुचेरी और अंडमान निकोबार एन.सी.सी. निदेशालय के उप–महानिदेशक अतुल कुमार रस्तोगी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश तरक्की और विकास की राह पर अग्रसर है।

कल पोर्ट ब्लेयर में एन सी सी निदेशालय में आयोजित कार्यक्रम के बाद मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि वे हमेशा से ही कैडेटों से यह आह्‌वान करते रहे हैं कि वे भी विकसित भारत बनाने में अपना योगदान दें।

इस अवसर पर उप–महानिदेशक ने विभिन्न स्कूलों और मीडिया कर्मियों को उनके योगदान के लिए सम्मानित किया।

<><><><><><><>

भारतीय पशु कल्याण बोर्ड ने पशुओं पर होने वाले अत्याचार को रोकने के लिए सभी से पशु कल्याण नियमों का कड़ाई से पालन करने के लिए परामर्श जारी किया है। परामर्श में पशुओं के परिवहन और अवैध रूप से उनकी हत्या पर विशेष जोर दिया गया है। नियमों के तहत नगरपालिका क्षेत्र में प्राधिकृत या संबंधित अधिकारियों की ओर से लाइसेंसधारी पशु वध घर के अलावा किसी अन्य क्षेत्र में पशुओं का वध करना वर्जित है। गर्भवती या तीन माह तक के गर्भधारक पशुओं का वध करना भी अनुचित और अवैध है। नियमों में इसका उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का प्रावधान है। पशुओं का परिवहन करने वालों और वध गृह के संचालकों तथा गोश्त की दुकानों के मालिकों सहित सभी हितधारकों से नियमों का कड़ाई से पालन करने और अवैध रूप से पशुओं का वध रोकने को कहा गया है।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम के तहत राज्य स्तरीय परामर्श समिति में सदस्यता के लिए आवेदन मांगे गए हैं। समाज कल्याण विभाग की ओर से वृद्धावस्था, विधवा और दिव्यांगता पेंशन के लाभार्थियों को समय पर पेंशन जारी करने और इसकी निगरानी तथा योजना के मूल्यांकन के लिए समिति के गठन का प्रस्ताव है। वृद्धजन, विधवा तथा दिव्यांगजनों के कल्याण से जुड़े व्यक्तिगत लोग या गैर सरकारी संगठन के प्रतिनिधि, जो एन जी ओ दर्पण पोर्टल पर पंजीकृत हैं, वे निर्धारित प्रपत्र में सदस्यता के लिए पन्द्रह दिनों के भीतर आवेदन कर सकते हैं। योजना का दिशा–निर्देश समाज कल्याण विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध हें अधिक जानकारी के लिए राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम के नोडल अधिकारी से गोलघर स्थित समाज कल्याण विभाग में दिए गए फोन नम्बर पर संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

डिगलीपुर तहसील के सीतानगर गांव में अवैध खनन का मामला सामने आया है, जिसमें पाया गया है कि एजेन्सी ने निमार्ण उद्देश्यों के लिए सामाग्री का उपयोग करके अवैध रूप से एक हजार पांच सौ क्यूबिक मीटर मिट्‌टी का निकासी किया है। उत्तरी व मध्य अण्डमान के उपायुक्त के संज्ञान में आते ही एजेन्सी पर मिट्‌टी के अवैध निकासी के लिए चार लाख पचास हजार रूपए की दर से दुगुणा जुर्माना लगाया गया।

अवैध रूप से खनन करने वालों को भविष्य में उल्लंघनो के प्रति चेतावनी दी गई है। और यह जुर्माना लगाना कानून का बनाए रखने के लिए एक सख्त अनुस्मारक के रूप में कार्य करता हैं।

<><><><><><><>

सर्वोच्च न्यायालय ने कल मेडिकल स्नातक प्रवेश परीक्षा नीट—यूजी में प्रश्न पत्र लीक और अन्य अनियमितताओं के आरोपों की केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो—सीबीआई जांच की मांग वाली याचिका पर केंद्र और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी—एनटीए से जवाब मांगा है। सीबीआई और बिहार सरकार से भी दो सप्ताह के भीतर जवाब मांगा गया है।

<><><><><><><>

अण्डमान निकोबार फुटबॉल एसोसिएशन राष्ट्रीय फुटबॉल चैम्पियनशिप में चयन के वास्ते जूनियर और सब—जूनियर श्रेणी में लड़के और लड़कियों की चयन परीक्षण करने जा रही है। यह चयन परीक्षण जे. एन. आर. एम. के फुटबॉल मैदान में बाईस जून को सुबह नौ बजे से आरंभ होगी। बच्चों को कहा गया है कि वे उचित कीट के साथ अपने अभिभावकों को लेकर मैदान में उपस्थित रहे।

<><><><><><><>

भाजपा के पूर्व अध्यक्ष और राष्ट्रीय कार्यकारी सदस्य विशाल जॉली ने विकास कुमार चिरन्या के निधन पर गहरा शोक प्रकट किया है। इनका कल सुबह निधन हो गया।

<><><><><><><>

पांडिचेरी विश्व विद्यालय के यूजी एड और बीएड पाठ्‌यक्रमों की परीक्षा सारणी अब विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है। यूजी एड की सम—सेमेस्टर की परीक्षा सत्ताईस जून से आरंभ होगी, जबकि बीएड पाठ्‌यक्रम की दोनों सेमेस्टर की परीक्षाएं एक जुलाई से आरंभ होगी।

<><><><><><><>

टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय में चार वर्षीय समन्वित शिक्षा कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए ई–विवरणिका और आवेदन फार्म ऑनलाइन उपलब्ध कराया गया है। इच्छुक विद्यार्थी बारह जुलाई तक कॉलेज प्रवेश पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

<><><><><><><>